**Press Release**

17th September, 2020

**Statement of Adhir Ranjan Chowdhury, Randeep Singh Surjewala, Gaurav Gogoi, Ravaneet Singh Bittu, Gurjeet Singh Aujla, Dr Amar Singh & Jasbir Singh Gill**

**Diabolical Conspiracy of Modi Government to Defeat Green Revolution**

**Modi Government is Akin to 'Corona Pandemic' – It's Attacking Lives & Livelihoods of Farmers**

**Attacking Farmers- Farm Laborers & Bartering Agriculture at the Doorsteps of Crony Capitalists**

Today, 'Bahubali' Modi Government writes a cruel 'black chapter' against India's agriculture, farmers, farm laborers and Agricultural Produce Market Committees (APMC). The draconian laws on agriculture will be a death knell for the future of farming in India.

BJP Government is hell-bent upon destroying the 'Anndata' farmer and bartering the agriculture at the altar of a handful of crony capitalists. 62 crores farmers and farm laborers are agitating across India. Over 250 farmers organizations are sitting in Dharna, on hunger strikes and are demonstrating across the length and breadth of India. Drunk with power and determined to serve the crony capitalists friends, Prime Minister Shri Narendra Modi continues to be blind to the agony of the farmers and suppress every voice of protest. Modi Government is dictatorially subverting the voice of farmers' representatives inside the Parliament and has unleashed a draconian 'Lathi-Danda Regime' on the protesting farming community.

PM Modi used the same specious arguments for bringing the three ordinances for doing away with the 'Right to Fair Compensation' law championed by Congress Party and Shri Rahul Gandhi. Travesty of justice is being replayed by the BJP while bringing the three anti agriculture laws, aimed at abolishing the livelihoods of farmers.

The interest of farmers & farm laborers cannot be subjugated and be subservient to the draconian majority of BJP in Parliament. Indian National Congress shall continue to take on the dark design of a draconian, dictatorial and anti farmer Modi Government, both inside and outside the Parliament, both from the Parliament to the towns and villages of India. We shall continue voice the pain and suffering of teeming millions. Our protests against the 'New Enslavement' of Agriculture by Modi Government are:-

Firstly, Abolishing the system of Grain Market-Vegetable Market i.e. APMC will totally destroy the 'Agriculture Produce Procurement System'. In such a scenario, the farmers will neither get the 'Minimum Support Price' (MSP) nor the price of their crop as per the market price. The true example of this is NDA ruled state of Bihar. In the year 2006, APMC Act i.e. Grain Markets were done away in the state. Today, the plight of farmers in Bihar has gone from bad to worse. Agents are purchasing the crops from the farmers at throw away prices and selling that crop in the other states at MSP garnering huge profit margins to themselves. In case, the Agriculture

Produce Marketing System is scrapped throughout the country, the farmers- farm labourers would be the biggest loser and a handful of capitalist will make huge profits.

Secondly, Farmers get remunerative prices for their produce near their agricultural fields at grain market-vegetable market through community organisation of farmers and mutual competition among the customers in the markets. In the market, pre-determined 'Minimum Support Price' (MSP) is the benchmark to decide the price of agriculture produce. This is the only measure for the 'Price Discovery' i.e. price determination for the farmer's produce on the community basis. Grain-Vegetable Market System is the guarantee of fair prices, accurate weight and sale of farmer's produce. If the farmer's crop instead of being sold in the market on Community Purchase basis, is purchased at the agriculture field itself, in that case the farmer will loose the power of price determination, weight and bargaining for prices. Naturally, the farmer will suffer the losses.

Thirdly, The Modi Government claim, that now the farmer can sell his produce anywhere in the country, is a white lie. Even today, the farmer can sell his produce in any state. But, what is the factual truth? As far the agriculture census 2015-16, 86 per cent of farmers in the country own less than 5 acres of land. Average land holding is 2 acres or less than that. In such a situation, 86 percent of farmers cannot transport or ferry their farm produce to other place, but, have to sell at the nearest grain market-vegetable market. In the event of Mandi System getting abolished, it will directly do a deadly blow to the farmers.

Fourthly, Abolition of Mandi System shall snatch away the means of bread and butter and livelihood of the millions of labourers, commission agents, Munim, loaders, transporters, sellers etc.

Fifthly, with the scrapping of Grain-Vegetable Market System, the source of income of the states will also dry up. States through its earning from 'Market Fees' and 'Rural Development Fund' undertake infrastructure development in rural areas and incentivise agriculture. For example – Punjab procured 127.45 lakh tonnes of wheat, this wheat season. Punjab earned Rs 736 crores as market fees and an equal amount it got in the Rural Development Fund. Commission agents earned Rs. 613 crores as the commission. These amounts were not paid by the farmers, but, by the Government agencies like FCI and other Government agencies and private individuals, who procured wheat from these markets. With the scrapping of the Mandi System, the source of income of the states will automatically dry up.

Sixthly, Agriculture experts believe that under the garb of the ordinance, the Modi Government actually intends to implement the 'Shanta Kumar Committee Report' so that the Government is not compelled to make procurement at Minimum Support Price (MSP) through FCI and thereby save an amount of around Rs. 1 lakh crores annually. This will directly cause adverse effect on the agriculture and farming.

Seventhly, Through this ordinance, there is an intention to render the farmer merely a labourer in their own lands by getting him entangled in the contract system. Does a poor farmer with 2-5 acres of land holding will be able to frame, understand and sign sale-purchase contract with big companies? Clearly reply has been in the negative.

The biggest flaw in the contract farming ordinance is that giving Minimum Support Price (MSP) is not mandatory. When Mandi System is abolished, then farmer will be solely dependent on contract farming and the big companies will decide the price of the farmer's crop on his field at their own sweat will. If this is not a new 'Zamindari System', then what else it can be? Not only this, through contract farming, farmers would be left at the mercy of big companies, courts and bureaucracy in the event of any dispute. In such a scenario, powerful big companies will naturally exercise their influence on bureaucracy and will attack the livelihood of farmers by engaging them in the legal intricacies and earn profits.

Eighthly, Totally lifting the stock limit on the agriculture produce, consumable items and fruit-flower-vegetables shall neither benefit farmers nor the consumer. It will only benefit a handful of people indulging in hoarding and black marketing. They will be able to purchase at cheaper prices and then sell at higher prices after holding the stocks of these items legally, for example- it has been alleged in the 2020-21 'Rabi' report of the 'Agriculture Cost and Prices Commission' that the Government hold stocks of pulses after procuring them from the farmers and when the crop of pulses is about to arrive in the market, then it sells their stock in the open market. As a consequence of this, the farmers were unable to sell their produce of pulses at the market prices. Rs. 2.5 lakh crores pulse scam of 2015 is the living example of this trend, when pulses were imported at the rate of Rs. 45 per kg and sold at the price of Rs. 200 per kg.

When there will be no stock limit, then the hoarders and black marketers will be totally free to fleece the consumers.

Ninthly, In the ordinances, there is neither any provision for the protection of labourers rights nor for the protection of the rights of the persons, who are engaged in agriculture taking land on rent or on produce sharing basis. It seems that they have been left to fend for themselves.

Tenthly, These three ordinances are the direct attack on the federal structure of the country. 'Agriculture and Mandis' come under the purview of the State Governments under the 7th Schedule of the Constitution, but, the Modi Government didn't consider it worthwhile to take the state Governments in confidence on this issue. Protection and incentivising agriculture has been naturally the subject under the domain of the states, but, they were not consulted at all. On the contrary, market fees and rural development fund levied for the development of villages and agriculture was done away unilaterally, which is flagrant transgression of constitutional provisions.

The Anndata farmer and labourers will never forget the conspiracy of the Modi Government to convert 'the disaster confronting the farmers' into an 'opportunity for the capitalists' under the garb of pandemic. The next seven generations of BJP will have to face the consequences of these anti-farmer misdeeds of the Government.

# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**17 सितंबर, 2020**

**<u>अधीर रंजन चौधरी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, गौरव गोगोई, रवनीत बिट्टू व गुरजीत औजला का बयान</u>**

**<u>‘हरित क्रांति’ को हराने की घिनौनी भाजपाई साजिश हैं ‘तीन काले कानून’</u>**

**<u>मोदी सरकार ‘कोरोना महामारी’ की तरह है, जो खेती-किसानी के लिए जानलेवा साबित हो रही है</u>**

**<u>खेत-खलिहान को पूंजीपतियों के हाथ गिरवी रखने का षडयंत्र कर रही भाजपा सरकार</u>**

**<u>मोदी जी कसम किसानों की खाते हैं और दोस्ती मुट्ठीभर पूंजीपतियों से निभाते हैं</u>**

**आज बाहुबली मोदी सरकार ने संसद में किसान और खेती विरोधी एक क्रूर ‘काला अध्याय’ लिख डाला। किसान- खेत मजदूर के उज्जवल भविष्य को रौंदकर उनके भाग्य में बदहाली, बर्बादी लिख दी।**

भारत के भाग्यविधाता व अन्नदाता किसानों को बहुमत वाली बेरहम भाजपा सरकार ने बर्बाद किया और मुट्ठीभर पूंजीपति दोस्तों का सपना साकार किया। देशभर में 62 करोड़ किसान-मजदूर व 250 से अधिक किसान संगठन इन कानूनों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, पर प्रधानमंत्री मोदी सब ऐतराज दरकिनार कर देश को बरगला रहे हैं। **अन्नदाता किसान की बात सुनना तो दूर, संसद में उनके नुमाईंदों की आवाज को दबाया जा रहा है और सड़कों पर किसान-मजदूरों को लाठियों से पिटवाया जा रहा है।**

याद कीजिए मोदी सरकार इसी प्रकार के तर्कों के साथ श्री राहुल गांधी व कांग्रेस द्वारा बनाए गए भूमि के ‘उचित मुआवज़ा कानून’ के खिलाफ भी तीन-तीन अध्यादेश लेकर आई थी। **आज फिर किसानों की आजीविका का अंत करने के लिए तीन काले कानून लाई है।**

देश में कोरोना, सीमा पर चीन और खेती पर मोदी सरकार हमलावर है। यह एक लाइलाज़ कोरोना महामारी की तरह है, जो खेती और किसानी के लिए जानलेवा साबित हो रही है। मजदूर-किसान व कांग्रेस ‘संसद से सड़क तक’ इन काले कानूनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष लड़ेंगे। **<u>हमारी बुलंद आवाज को बहुमत की गुंडागर्दी से नहीं दबाया जा सकता। मोदी जी के काले कानूनों के खिलाफ किसान व कांग्रेस के मुखर ऐतराज इस प्रकार हैं:-</u>**

**<u>पहला,</u> अनाज मंडी-सब्जी मंडी यानि APMC को खत्म करने से ‘कृषि उपज खरीद व्यवस्था’ पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।** ऐसे में किसानों को न तो ‘न्यूनतम समर्थन मूल्य’ (MSP) मिलेगा और न ही बाजार भाव के अनुसार फसल की कीमत। इसका जीता जागता उदाहरण भाजपा शासित बिहार है। साल 2006 में APMC Act यानि अनाज मंडियों को खत्म कर दिया गया। आज बिहार के किसान की हालत बद से बदतर है। किसान की फसल को दलाल औने-पौने दामों पर खरीदकर दूसरे प्रांतों की मंडियों में मुनाफा कमा MSP पर बेच देते हैं। **अगर पूरे देश की कृषि**

**उपज मंडी व्यवस्था ही खत्म हो गई, तो इससे सबसे बड़ा नुकसान किसान-खेत मजदूर को होगा और सबसे बड़ा फायदा मुट्ठीभर पूंजीपतियों को।**

**<u>दूसरा,</u> मोदी सरकार का दावा कि अब किसान अपनी फसल देश में कहीं भी बेच सकता है, पूरी तरह से सफेद झूठ है।** आज भी किसान अपनी फसल किसी भी प्रांत में ले जाकर बेच सकता है। परंतु वास्तविक सत्य क्या है? कृषि सेंसस 2015-16 के मुताबिक देश का 86 प्रतिशत किसान 5 एकड़ से कम भूमि का मालिक है। जमीन की औसत मल्कियत 2 एकड़ या उससे कम है। **ऐसे में 86 प्रतिशत किसान अपनी उपज नजदीक अनाज मंडी-सब्जी मंडी के अलावा कहीं और ट्रांसपोट कर न ले जा सकता या बेच सकता है।** मंडी प्रणाली नष्ट होते ही सीधा प्रहार स्वाभाविक तौर से किसान पर होगा।

**<u>तीसरा,</u> मंडियां खत्म होते ही अनाज-सब्जी मंडी में काम करने वाले लाखों-करोड़ों मजदूरों, आढ़तियों, मुनीम, ढुलाईदारों, ट्रांसपोर्टरों, शेलर आदि की रोजी रोटी और आजीविका अपने आप खत्म हो जाएगी।**

**<u>चौथा,</u> किसान को खेत के नज़दीक अनाज मंडी-सब्जी मंडी में उचित दाम किसान के सामूहिक संगठन तथा मंडी में खरीददारों के आपस के कॉम्पटिशन के आधार पर मिलता है।** मंडी में पूर्व निर्धारित 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) किसान की फसल के मूल्य निर्धारण का बेंचमार्क है। यही एक उपाय है, जिससे किसान की उपज की सामूहिक तौर से 'प्राईस डिस्कवरी' यानि मूल्य निर्धारण हो पाता है। अनाज-सब्जी मंडी व्यवस्था किसान की फसल की सही कीमत, सही वजन व सही बिक्री की गारंटी है। **अगर किसान की फसल को मुट्ठीभर कंपनियां मंडी में सामूहिक खरीद की बजाय उसके खेत से खरीदेंगे, तो फिर मूल्य निर्धारण, वजन व कीमत की सामूहिक मोलभाव की शक्ति खत्म हो जाएगी।** स्वाभाविक तौर से इसका नुकसान किसान को होगा।

**<u>पाँचवां,</u> अनाज-सब्जी मंडी व्यवस्था खत्म होने के साथ ही प्रांतों की आय भी खत्म हो जाएगी। प्रांत 'मार्केट फीस' व 'ग्रामीण विकास फंड' के माध्यम से ग्रामीण अंचल का ढांचागत विकास करते हैं व खेती को प्रोत्साहन देते हैं।** उदाहरण के तौर पर पंजाब ने इस गेहँू सीज़न में 127.45 लाख टन गेहूँ खरीदा। पंजाब को 736 करोड़ रु. मार्केट फीस व इतना ही पैसा ग्रामीण विकास फंड में मिला। आढ़तियों को 613 करोड़ रु. कमीशन मिला। इन सबका भुगतान किसान ने नहीं, बल्कि मंडियों से गेहूँ खरीद करने वाली भारत सरकार की एफसीआई आदि सरकारी एजेंसियों तथा प्राईवेट व्यक्तियों ने किया। मंडी व्यवस्था खत्म होते ही आय का यह स्रोत अपने आप खत्म हो जाएगा।

**<u>छठवां,</u> कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अध्यादेश की आड़ में मोदी सरकार असल में 'शांता कुमार कमेटी' की रिपोर्ट लागू करना चाहती है, ताकि एफसीआई के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद ही न करनी पड़े और सालाना 80,000 से 1 लाख करोड़ की बचत हो।** इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव खेत खलिहान पर पड़ेगा।

<u>सातवां,</u> **अध्यादेश के माध्यम से किसान को 'ठेका प्रथा' में फंसाकर उसे अपनी ही जमीन में मजदूर बना दिया जाएगा।** क्या दो से पाँच एकड़ भूमि का मालिक गरीब किसान बड़ी बड़ी कंपनियों के साथ फसल की खरीद फरोख्त का कॉन्ट्रैक्ट बनाने, समझने व साईन करने में सक्षम है? साफ तौर से जवाब नहीं में है।

कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग अध्यादेश की सबसे बड़ी खामी तो यही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी देना अनिवार्य नहीं। जब मंडी व्यवस्था खत्म होगी तो किसान केवल कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग पर निर्भर हो जाएगा और बड़ी कंपनियां किसान के खेत में उसकी फसल की मनमर्जी की कीमत निर्धारित करेंगी। **यह नई जमींदारी प्रथा नहीं तो क्या है? यही नहीं कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से विवाद के समय गरीब किसान को बड़ी कंपनियों के साथ अदालत व अफसरशाही के रहमोकरम पर छोड़ दिया गया है।** ऐसे में ताकतवर बड़ी कंपनियां स्वाभाविक तौर से अफसरशाही पर असर इस्तेमाल कर तथा कानूनी पेचीदगियों में किसान को उलझाकर उसकी रोजी रोटी पर आक्रमण करेंगी तथा मुनाफा कमाएंगी।

<u>आठवां,</u> **कृषि उत्पाद, खाने की चीजों व फल-फूल-सब्जियों की स्टॉक लिमिट को पूरी तरह से हटाकर आखिरकार न किसान को फायदा होगा और न ही उपभोक्ता को। बस चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वाले मुट्ठीभर लोगों को फायदा होगा।** वो सस्ते भाव खरीदकर, कानूनन जमाखोरी कर महंगे दामों पर चीजों को बेच पाएंगे। उदाहरण के तौर पर 'कृषि लागत एवं मूल्य आयोग' की रबी 2020-21 की रिपोर्ट में यह आरोप लगाया गया कि सरकार किसानों से दाल खरीदकर स्टॉक करती है और दाल की फसल आने वाली हो, तो उसे खुले बाजार में बेच देती है। इससे किसानों को बाजार भाव नहीं मिल पाता। 2015 में हुआ ढाई लाख करोड़ का दाल घोटाला इसका जीता जागता सबूत है, जब 45 रु. किलो में दाल का आयात कर 200 रु. किलो तक बेचा गया था।

जब स्टॉक की सीमा ही खत्म हो जाएगी, तो जमाखोरों और कालाबाजारों को उपभोक्ता को लूटने की पूरी आजादी होगी।

<u>नौवां,</u> **अध्यादेशों में न तो खेत मजदूरों के अधिकारों के संरक्षण का कोई प्रावधान है और न ही जमीन जोतने वाले बंटाईदारों या मुजारों के अधिकारों के संरक्षण का। ऐसा लगता है कि उन्हें पूरी तरह से खत्म कर अपने हाल पर छोड़ दिया गया है।**

<u>दसवां,</u> **तीनों अध्यादेश 'संघीय ढांचे' पर सीधे-सीधे हमला हैं।** 'खेती' व 'मंडियां' संविधान के सातवें शेड्यूल में प्रांतीय अधिकारों के क्षेत्र में आते हैं। परंतु मोदी सरकार ने प्रांतों से राय करना तक उचित नहीं समझा। खेती का संरक्षण और प्रोत्साहन स्वाभाविक तौर से प्रांतों का विषय है, परंतु उनकी कोई राय नहीं ली गई। उल्टा खेत खलिहान व गांव की तरक्की के लिए लगाई गई मार्केट फीस व ग्रामीण विकास फंड को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया गया। यह अपने आप में संविधान की परिपाटी के विरुद्ध है।

**महामारी की आड़ में ‘किसानों की आपदा’ को मुट्ठीभर ‘पूंजीपतियों के अवसर’ में बदलने की मोदी सरकार की साजिश को देश का अन्नदाता किसान व मजदूर कभी नहीं भूलेगा। भाजपा की सात पुश्तों को इस किसान विरोधी दुष्कृत्य के परिणाम भुगतने पड़ेंगे।**